Ans. (d) – 11वीं लोक सभा चुनाव-1996 में राजस्थन से चुनी गई अनुसूचित जनजाति की पहली महिला सांसद उषा मीणा है, जो सवाई माधोपुर लोकसभा से निर्वाचित हुई थी। इनका जन्म 1949 में अलवर, राजस्थान में हुआ था।

48. निम्नांकित में से कौन-सा एक सुमेलित नहीं है?

राजस्थान के मुख्य सचिव		अवधि
a. गोपाल कृष्ण भणोत	-	28-11-1977 से 29-12-1980
b. विपिन बिहारीलाल माथु	-	10-03-1986 से 31-01-1992
c. मीठालाल मेहता	-	01-01-2000 से 26-10-2012
d. आर.के.नायर	-	26-12-2002 से 28-02-2005

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (c) : सही सुमेलित है

राजस्थान के मुख्य सचिव	-	अवधि
a. गोपाल कृष्ण भणोत	-	28-11-1977 से 29-12-1980तक
b. विपिन बिहारीलाल माथुर	-	10-03-1986 से 31-01-1992 तक
c. मीठालाल मेहता	-	02-02-1994 से 31-12-1997 तक
d. आर.के.नायर	-	26-12-2002 से 28-02-2005 तक

49. राजस्थान की वर्तमान विधानसभा में 1जनवरी, 2017 को कितनी महिला विधायक हैं?

(a) 19 (b) 30
(c) 27 (d) 22

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (d) : राजस्थान की विधानसभा में एक जनवरी, 2017 तक 22 महिला विधायक थी। राजस्थान की 15वीं विधानसभा 2018 से 2023 तक में महिला विधायकों की संख्या 27 है।

50. निम्न में से कौन राजस्थान का प्रथम मुख्य सचिव बना?

(a) श्री बी. जी. राव (b) श्री वी. नारायण
(c) श्री के. राधाकृष्णन (d) श्री एस. डब्ल्यू. शिवेश्कर

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – श्री के. राधाकृष्णन राजस्थान के प्रथम मुख्य सचिव थे। वर्तमान में उषा शर्मा आर्य मुख्य सचिव हैं।

51. राजस्थान राज्य सचिवालय के निम्नांकित पदाधिकारियों पर विचार कीजियेः

I. मुख्य सचिव
II. उप- सचिव
III. अतिरिक्त सचिव
IV. शासन सचिव

उपर्युक्त पदाधिकारियों का सही अवरोही क्रम क्या है?

(a) I, II, III, IV (b) I, III, II, IV
(c) I, IV, II. III (d) I, IV, III,II

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (d) : राजस्थान राज्य सचिवालय में पदाधिकारियों का सही अवरोही क्रम निम्न है-

मुख्य सचिव
↓
शासन सचिव
↓
अतिरिक्त सचिव
↓
उप- सचिव

52. राजस्थान के किस मुख्यमंत्री की कामचलाऊ सरकार' (केयरटेकर गवर्नमेन्ट) के विरूद्ध विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव लगाया गया था?

(a) जयनारायण व्यास (b) टीकाराम पालीवाल
(c) मोहनलाल सुखाड़िया (d) हरिदेव जोशी

RPSC SI 14-09-2021

Ans. (b) : राजस्थान में टीकाराम पालीवाल की कामचलाऊ सरकार के विरूद्ध विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। अब तक 13 बार विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव एवं 5बार विश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है।

53. राजस्थान विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति कौन करता है?

(a) विधानसभा सदस्य (b) मुख्यमंत्री
(c) नेता प्रतिपक्ष (d) राज्यपाल

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (d) : राजस्थान विधानसभा में प्रोटेम स्वीकर की नियुक्ति राज्यपाल करता है। सामान्यतः नवनिर्वाचित सदन (लोक सभा/विधान सभा) की बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए तथा नये सदस्यों को शपथ दिलाने हेतु राष्ट्रपति लोकसभा में एवं राज्यपाल विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति करता हैं नए अध्यक्ष के चुनाव होने पर प्रोटेम स्पीकर का पद समाप्त हो जाता है।

54. राजस्थान में कितने विधानसभा चुनाव-क्षेत्र क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है?

(a) 34,25 (b) 25, 34
(c) 36,23 (d) इनमें से कोई नहीं

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) – राजस्थान की कुल 200 विधानसभा सीटों में से 141 सामान्य के लिए, 34 सीटें अनुसूचित जाति के लिए तथा 25 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। जयपुर में सर्वाधिक विधानसभा सीटें (19) हैं जबकि प्रतापगढ़ और जैसलमेर में सबसे कम (2) सीटें हैं।

55. राजस्थान विधान सभा में कितने पद अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित है?

(a) 22 (b) 24
(c) 28 (d) 33

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (*) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।